भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

17.07.2019 के

अतारांकित प्रश्न सं. 4033 का उत्तर

नमक्कल-अरियालुर के मध्य नई रेल लाइन

4033. डॉ॰ टी॰ आर॰ पारिवेन्धर:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का तमिलनाडु के नमक्कल-अरियालुर और थुरियार के लिए नई रेल लाइन बिछाने का कोई विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ख) देश में इस वर्ष के दौरान कुल कितनी नई रेल लाइन परियोजनाएं प्रस्तावित हैं; और

(ग) इन परियोजनाओं के लिए परियोजना-वार कुल कितनी धनराशि निर्धारित की गई है?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) से (ग): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

mm

नमक्कल-अरियालुर के मध्य नई रेल लाइन के संबंध में दिनांक 17.07.2019 को लोक सभा में डॉ. टी. आर. पारिवेन्धर के अतारांकित प्रश्न सं. 4033 के भाग (क) से (ग) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क): अरियालुर तथा तुरैयुर के रास्ते सलेम (नमक्कल) और करैकल के बीच नई रेलवे लाइन के लिए सर्वेक्षण 2012-13 के दौरान किया गया था। सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार 227 कि.मी. लंबी नई लाइन की लागत 1443 करोड़ रु आंकी गयी थी। बहरहाल, प्रस्तावित नई लाइन को इसकी अलाभप्रद प्रकृति और रेलवे के पास चालू नई लाइन परियोजनाओं की भारी बकाया होने के कारण इसे आगे नहीं बढ़ाया जा सका। बहरहाल, नमक्कल से अरियालुर तक नई लाइन सर्वेक्षण 2018-19 में स्वीकृत किया गया है। सर्वेक्षण शुरु कर दिया गया है।

(ख) और (ग): पिछले चार वर्षों (2015-16, 2016-17, 2017-18 और 2018-19) के दौरान 53 नई लाइन परियोजनाएं अपेक्षित अनुमोदनों के अध्यधीन बजट बुक में शामिल किए गये हैं। 01.04.2019 को भारतीय रेल में 189 नई लाइन संबंधी कार्य हैं जो योजना/अनुमोदन/निष्पादन के विभिन्न चरणों में है।

प्रत्येक परियोजना पर किया गया खर्च, सहित वे सभी कार्य जो प्रगति पर हैं और नए कार्यों, निधियों का आबंटन और व्यय के ब्यौरे भारतीय रेल के वेबसाइट अर्थात www.indianrailways.gov.in>Ministry of Railways>Railway Board>About Indian Railways>Railway Board Directorates>Finance(Budget)>2019-20_List_of_works **पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध कराए जाते हैं.**

****

mm